# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O), 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

*अध्यक्ष*
वजीन्द्र नारायण सिंह
( डब्लू॰ एन॰ सिंह )

*महासचिव*
गंगाधर लाल दास
( जी॰ एल॰ दास )

Truth Will Triumph

*उपाध्यक्ष*
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

*संयुक्त सचिव*
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

*कोषाध्यक्ष*
केशव रंजन प्रसाद

---

पत्र संख्या 23

पटना
दिनांक 4-4-2001

सेवा में,

मुख्य सचिव,
झारखण्ड प्रदेश, राँची ।

सचिव, कार्मिक एवं प्र०सु० विभाग,
झारखंड प्रदेश, राँची ।

विषय:- वन सेवा एवं अन्य सेवा के पदाधिकारियों को अपर सचिव एवं विशेष सचि
के पद पर पदस्थापित करने के संबंध में ।

महाशय,

बिहार/झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ को यह सूचना मिली है कि झारखंड राज्य में भारतीय वन सेवा के पदाधिकारियों का पदस्थापन संयुक्त सचिव, अपर सचिव एवं विशेष सचिव के पद पर करने का निर्णय लिया गया है । अगर यह बात सही है तो संघ पूरजोर ढंग से अपनी आपत्ति दर्ज कर रही है ।

संयुक्त सचिव, अपर सचिव एवं विशेष सचिव का पद कैडर पोस्ट है और इस पर गैर सम्वर्गीय सेवा के पदाधिकारियों का पदस्थापन किसी भी हालत में नहीं किया जा सकता है । आपने मुख्य सचिव के रूप में बिहार में हमेशा इसका विरोध किया है क्योंकि कैडर का निर्धारण केन्द्रीय सरकार के द्वारा किया जाता है और उसी का हवाला देकर बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को आप सरकार के समझौते के बावजूद जिला पदाधिकारी का 5 पद देने एवं दिलाने से इन्कार करते रहे हैं फिर अचानक आपके मन में गैर सम्वर्गीय सेवा के पदाधिकारियों को सम्वर्गीय पद पर पदस्थापन करने का प्रेम क्यों उपजा। ~~xxxxxxxxxxxxxxx~~
जहाँ तक हमें जानकारी है कि पदाधिकारियों की कमी बताकर प्रयोग के तौर पर

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O) 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

*अध्यक्ष*
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू॰ एन॰ सिंह)

*महासचिव*
गंगाधर लाल दास
(जी॰ एल॰ दास)

Truth Will Triumph

*उपाध्यक्ष*
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

*संयुक्त सचिव*
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

*कोषाध्यक्ष*
केशव रंजन प्रसाद

पत्र संख्या.........................



पटना
दिनांक...............................

ऐसा करने का प्रस्ताव देते हुए सरकार की स्वीकृति ली गई है । मैं समझता हूँ कि सरकार के समक्ष अगर सही तथ्यों का प्रेषण होता और आपकी नीयत पारदर्शी होती तो बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों का पदस्थापन ही इन तमाम पदों पर किया जाता, जिसका हम सही मायने में हकदार हैं ।

नये राज्य की स्थापना के शुरूआती दौर में ही पहले उप विकास आयुक्त के पद पर भारतीय वन सेवा के पदाधिकारियों के पदस्थापन का प्रस्ताव सरकार के समक्ष रखा गया था और जब हमने उसका पूरजोर विरोध किया तो उसका कार्यान्वयन नहीं हो पाया । पुन: संयुक्त सचिव, अपर सचिव एवं विशेष सचिव के पद पर भारतीय वन सेवा के पदाधिकारियों का पदस्थापन किया जाना सम्बंधीय नियमावली का उल्लंघन तथा प्रशासनिक सूझबूझ, अनुभव, कार्य क्षमता की अनदेखी करना होगा । जिसका पहला परिणाम राज्य प्रशासन का कमजोर होना है । वरीय पदाधिकारियों को कनीय पदाधिकारी के मातहत पदस्थापित करने, योग्य, ईमानदार एवं स्वच्छ छवि के पदाधिकारियों को प्रशासन की मुख्य धारा से अलग रखने, अन्य विभिन्न प्रकार के गलत मापदण्डों को अपनाकर पदाधिकारियों के पदस्थापन की गलत परम्परा कायम करने का प्रमाण आपने अपनी लम्बी सेवावधि में देखा है जिसका स्पष्ट प्रमाण बिहार राज्य में प्रशासन का है जिसके कल तक आप भी एक हिस्सा थे । आज झारखंड राज्य के शुरूआती दौर में हम आपसे अनुरोध करना चाहेंगे कि अपने लम्बे प्रशासनिक अनुभव उच्च कोटि की दक्षता और सूझबूझ के साथ सही समय पर सही निर्णय लेने के लाभ से झारखण्ड राज्य को लाभान्वित करें ताकि वहाँ की सरकार एवं जनता को लाभ मिल सके ।

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ


प्रशासनिक सेवा भवन
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O) / 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)



*अध्यक्ष*
वजीन्द्र नारायण सिंह
( डब्लू० एन० सिंह )

*महासचिव*
गंगाधर लाल दास
( जी० एल० दास )

Truth Will Triumph

*उपाध्यक्ष*
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

*संयुक्त सचिव*
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

*कोषाध्यक्ष*
केशव रंजन प्रसाद


पत्र संख्या..........................



पटना
दिनांक..............................

अतः उल्लिखित स्थिति में संघ का यह अनुरोध है कि भारतीय वन सेवा अथवा अन्य सेवा के पदाधिकारियों का पदस्थापन ऐसे सम्वर्गीय/गैर सम्वर्गीय पदों पर न करें जो प्रशासनिक सेवा ।भा०प्र०से०/बिहार प्र०से० । के लिए सर्वथा उपयुक्त माने जाते रहे हैं और जिस पर वे ही अपने अनुभव और उचित प्रशिक्षण के कारण पदस्थापित होते रहे हैं । अगर ऐसा संभव न हुआ तो संघ विरोध के किसी स्तर तक जाने को तैयार हैं । अगर हमें आन्दोलन करना पड़ेगा तो हम तैयार हैं तथा यह माना जायेगा कि आन्दोलन हम पर थोपा गया है जिसकी सारी जिम्मेवारी सरकार की होगी, संघ की नहीं ।

विश्वासभाजन,

ह०/-
।जी०एल० दास।
महासचिव ।

ह०/-
।डब्लू० एन० सिंह।
अध्यक्ष।

ज्ञापांक 23 /                पटना,                दिनांक 4 अप्रील 2001

प्रतिलिपि- माननीय मुख्य मंत्री के आप्त सचिव, झारखंड प्रदेश, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

4.4.2001

।जी०एल० दास।
महासचिव ।

।डब्लू० एन० सिंह।
अध्यक्ष ।

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

**प्रशासनिक सेवा भवन**
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O), 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

*अध्यक्ष*
वजीन्द्र नारायण सिंह
( डब्लू॰ एन॰ सिंह )

*महासचिव*
गंगाधर लाल दास
( जी॰ एल॰ दास )

*उपाध्यक्ष*
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

*संयुक्त सचिव*
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

*कोषाध्यक्ष*
केशव रंजन प्रसाद

Truth Will Triumph

पत्र संख्या........................ पटना
दिनांक................................



अतः उल्लिखित स्थिति में संघ का यह अनुरोध है कि भारतीय वन सेवा अथवा अन्य सेवा के पदाधिकारियों का पदस्थापन ऐसे सम्वर्गीय/गैर सम्वर्गीय पदों पर न करें जो प्रशासनिक सेवा [भा०प्र०से०/बिहार प्र०से०] के लिए सर्वथा उपयुक्त माने जाते रहे हैं और जिसपर वे ही अपने अनुभव और उचित प्रशिक्षण के कारण पदस्थापित होते रहे हैं। अगर ऐसा संभव न हुआ तो संघ विरोध के किसी स्तर तक जाने को तैयार है। अगर हमें आन्दोलन करना पड़ेगा तो हम तैयार हैं तथा यह माना जायेगा कि आन्दोलन हम पर थोपा गया है जिसकी सारी जिम्मेवारी सरकार की होगी संघ की नहीं।

विश्वासभाजन,

गंगा-दास 4.4.2001

[जी०एल० दास]
महासचिव।

[डब्लू० एन० सिंह]
अध्यक्ष

ज्ञापांक 23 / पटना, दिनांक 4 अप्रील 2001

प्रतिलिपि- निदेशक, दूरदर्शन/आकाशवाणी, पटना/समाचार सम्पादक सभी हिन्दी एवं अंग्रेजी समाचार पत्र, पटना, राँची, धनबाद, डालटेनगंज एवं ब्यूरो प्रमुख, यू०एन०आई०, पी०टी०आई०/एक्सप्रेस मिडिया सर्विस को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ प्रेषित।

गंगा-दास 4.4.2001

[जी०एल० दास]
महासचिव।

[डब्लू० एन० सिंह]
अध्यक्ष।